*नारे हमें प्रेरणा है देते*

कोरोना बचाव पर देखो
बने हुए हैं सैकड़ों नारे ।
सुनने में अच्छे लगते हैं
पढ़ने में लगते हैं प्यारे ।
बड़ी मेहनत और लगन से
लिखे लोगों ने सार्थक नारे ।
पढ़कर इनको भूल गए तो
नारे रह जाएंगे केवल नारे ।
इन नारों को हम सब मिलकर
अपने जीवन में अपनाएं ।
भाव समझें हम इन नारों का
और दूसरों को भी समझाएं ।
नारे हम सबको संदेश है देते
इन संदेशों से लाभ उठाएं ।
खुद बचे हम कोरोना से
औरों को भी इससे बचाएं ।
नारे सदा हमें प्रेरणा है देते
हमें कैसे आगे बढ़ना है ।
सीमित साधनों के साथ में
कैसे कोरोना से लड़ना है ।